## खबर संक्षेप

### संयुक्त कलेक्टर निधि गोहल बनी एसडीएम ढीमरखेड़ा

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने प्रशासकीय एवं कार्यालयीन कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के पूर्व में जारी कार्य आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए कलेक्ट्रेट में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर निधि गोहल को अनुविभाग ढीमरखेड़ा का अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पदस्थ किया है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा रविवार को जारी किये गए आदेश में अब तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा के पद पर रहीं विंकी उइके को प्रभारी डिप्टी कलेक्टर के तौर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ कर दिया गया है। इसी आदेश में कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर निधि गोहल द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में संभाले जा रहे समस्त कार्य दायित्व प्रभारी डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंह उइके को सौंप दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### आपातकालीन स्थिति में नागरिक करें कंट्रोल रूम से संपर्क

**कटनी।** वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम के साथ-साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय में भी कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस कंट्रोल रूम में जिले के नागरिक किसी भी आपातकालीन स्थिति में संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम का नंबर 07622-220070 और 07622-220071 है। जबकि पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 7587615946, 9691919706 है। इस कंट्रोल रूम पर जिले के नागरिक किसी भी आपातकालीन स्थिति में संपर्क कर जानकारी दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम के उपरोक्त नंबरों पर सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक, अपुष्ट और तथ्यहीन खबरें प्रसारित करने वालों की भी सूचना दी जा सकती है।

### प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन 16 मई को

**कटनी।** जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट में 16 मई को सुबह 11 बजे प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस प्लेसमेंट ड्राइव मे फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी एवं एसआईएस सेक्यूरिटी अनूपपुर के द्वारा साक्षात्कार रखा गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी. के. पासी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव मे 18 से 45 वर्ष के इच्छुक बेरोजगार युवा जो स्नातक से स्नाकोत्तर पास (कम्प्यूटर कोर्स एवं अंगेजी का ज्ञान) हो, साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। साक्षात्कार हेतु अंकसूची, आधार कार्ड, 02 फोटो, पेनकार्ड एवं बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित होवें। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को 14 हजार 500 रूपये मासिक वेतन दिया जायेगा एवं इसमें विकासखंड कटनी के अन्तर्गत कार्य करना होगा।

### निः शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन 14 को

**कटनी।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के निर्देशानुसार जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) परिसर में निर्धारित थीम 'सामान्य नेत्र और ईएनटी समस्याओं के लिये देखभाल अतंर्गत 14 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में नेत्र संबंधित एवं नाक, कान, गला से संबंधित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं आहार-विहार, दिनचर्या, योगाभ्यास आदि एवं अन्य बीमारियों जैसे-आमवात या संधिवात, मधुमेह, उच्चरक्तचाप आदि रोगों का निःशुल्क इलाज एवं औषधि वितरित की जावेगी। मधुमेह एवं उच्चरक्तचाप की जांच की जावेगी। जिला आयुष अधिकारी ने अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

---

### नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों की कलेक्टर एवं एसपी ने की समीक्षा

# आपात स्थिति से निपटने जिले से कस्बा स्तर तक तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत रविवार को एक बैठक कर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुखों के साथ सुरक्षा प्रबंधों सहित अन्य जरूरी इंतजामों को और बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के संबंध में अधिकारियों के साथ गहन चर्चा की। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन भी मौजूद रहे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, रेल्वे के एरिया मैनेजर रोहित सिंह, ओएफके के मोहित गोस्वामी और अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहेरिया उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि जिला स्तर पर पुलिस कंट्रोल रूम के साथ- साथ कलेक्ट्रेट स्थित नियंत्रण कक्ष भी कार्य कर रहा है। फायर ब्रिगेड सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली की सप्लाई, पेयजल व्यवस्था नियमित रूप से बनी रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि देश के वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए भविष्य में आपातकालीन स्थिति में आंतरिक एवं नागरिक सुरक्षा के सभी इंतजामों को और भी बेहतर करना है। इसके लिए सभी अधिकारी तैयारियों के साथ अलर्ट रहें। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, क्योंकि इन परिस्थितियों में इसकी अहम भूमिका है। सभी अधिकारियों को सिविल डिफेंस प्लान तैयार करने के निर्देश दिये गये। आपात स्थिति के लिए नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर वालिंटियर्स की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये गये। बैठक में कलेक्टर ने सभी राजस्व, पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की जरूरी सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए।

#### वालेंटियर्स को दिलाएं ट्रेनिंग

कलेक्टर नें निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखें। आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनो, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी वालेंटियर्स के माध्यम से सुनिश्चित की जाकर होमगार्ड के माध्यम से शीघ्र ही ट्रेनिंग दिलाई जाए, जिससे राहत एवं बचाव कार्य मे प्रभावी सहयोग मिल सकें। जिले के सभी अस्पतालों में



सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां एवं उपकरण सहित डॉक्टर्स की सूची उपलब्ध रखें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि डॉक्टर स्टॉफ सहित उपस्थित रहें तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त और आक्सीजन आदि की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाएं। आपात स्थिति में पर्याप्त खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीजल एवं अन्य आवश्यक सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हों। जिले में संवेदनशील स्थलों की जानकारी अद्यतन की जाकर उक्त स्थलों में पुलिस एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हर गतिविधि पर नजर रखें।

#### सायरन की हो पुख्ता व्यवस्था

आपदा प्रबंधन की मॉकड्रिल एवं चेतावनी के परिप्रेक्ष्य में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सायरन की व्यवस्था सुनिश्चित करनें तथा आपात स्थिति में बजनें वाले सायरनों के दौरान नागरिकों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही संबंधी जानकारी से होमगार्ड के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु अधिकारियो को निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री यादव नें कहा कि जिले में अग्निशमन सेवाओं को दुरूस्त एवं सक्रिय रखा जाएं। साथ ही संचार सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो यह सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने जिले के पुल, पुलियों की देखभाल एवं सुरक्षा के संबंध में लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति हेतु ऊर्जा विभाग को निर्देशित किया। आपात स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जिले के भीड़- भाड़ वाले एरिया की संभावित लोकशन को दृष्टिगत रखते हुए राहत शिविर का चिन्हांकन कर शिविरों में की जानें वाली व्यवस्थाओं की तैयारी पूर्व से करनें के निर्देश कलेक्टर नें बैठक के दौरान दिए।

#### चलाएं सघन जांच अभियान

कलेक्टर श्री यादव नें रेल्वे अधिकारियों को रेल्वे स्टेशन में चैकिंग अभियान चलानें तथा डिटेक्टर एवं स्कैनिंग उपरांत ही यात्रियों को रेल्वे स्टेशन में प्रवेश देनें, मुड़वारा रेल्वे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर 1 से ही नियमानुसार प्रवेश की व्यवस्था करानें, सहित जीआरपी एवं आर.पी.एफ को मुस्तैदी से दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

#### कम से कम हो रिस्पांस टाईम

पुलिस अधीक्षक श्री रंजन नें बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि सिविल सप्लाई फूड की स्टाटिंग एवं ट्रसपोर्टेशन की प्लानिंग पहलें से तैयार रखें ताकि रिस्पांस टाईम कम से कम लगें। इस हेतु इसका व्यवस्थित रूप से शेडयूल बनाकर अभ्यास करनें के निर्देश भी दिए गए।

#### भ्रामक प्रचार पर होगी कार्यवाही

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राष्ट्र विरोधी और किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएं। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए प्रेरित एवं सूचित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी माध्यम से जो भी सूचना प्राप्त होती है उस पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्यवाही की जाए। उन्होंने आंतरिक सुरक्षा, विभागीय समन्वय, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, मॉक ड्रिल की तैयारी, कंट्रोल रूम के नंबरों का प्रचार - प्रसार करनें साइबर एडवाईजरी के संबंध में विस्तार से बताया। पुलिस अधीक्षक श्री रंजन नें वल्नरेबल एरिया, रूट, स्थल में उपलब्ध ट्रान्सपोर्टेशन की व्यवस्था का चिन्हांकन करनें के निर्देश दिए। उन्होंनें जे.सी.बी. मशीन एवं क्रेन आदि में जीपीआरएस सिस्टम लगवानें सहित वाहन संबंधी फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, जें.सी.बी.क्रेन आदि की सेवाओं के संचालकों को आपस में सम्न्वय स्थापित रखनें के निर्देश दिए। उन्होंने जबलपुर एवं भोपाल कार्यालय से संपर्क स्थापित करनें हेतु हाट लाईन सैटअप की व्यवस्था सुनिश्चित करनें के निर्देश जिला प्रबंधक ई - गवर्नेंस सौरभ नामदेव को दिए।

बैठक के दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, निधि सिंह गोहल, ज्योति लिल्हारे, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, समस्त एस.डी.एम मौजूद थे

---

**यातायात प्रभारी ने नागरिकों के साथ ही आपदा प्रबंधन पर चर्चा**

## तनावपूर्ण वातावरण का माहौल पैदा न करें, संदिग्धों की तत्काल दें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडेय द्वारा रविवार को मिशन चौक स्थित यातायात पुलिस चौकी में बस एसोसिएशन एवं आटो संघ के पदाधिकारी गणों के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी।यातायात प्रभारी राहुल पांडे ने बताया वर्तमान हालातो को देखते हुए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों नागरिको के साथ आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक चर्चाएं की गई।

वर्तमान स्थिति के अनुकूल किसी खतरनाक स्थिति में जिसमें



क्षतिग्रस्त होने पर जो व्यवस्थाएं आवश्यक हैं उनके लिए सजग रहकर जागरूक करना एवं मॉक ड्रिल के समय ब्लैक आउट होने पर किसी भी प्रकार की रोशनी अपने घरों पर न करने साथ ही आवश्यक दस्तावेज कुछ खाने पीने सूखी सामग्री आवश्यक दवाइयां मोबाइल चार्ज पावर बैंक सभी साथ में रखने की जानकारी दी गयी।सोशल मीडिया पर गलत सूचना अफवाहें ना डालने की सलाह दी गयी एवं समाज में किसी भी प्रकार के तनावपूर्ण वातावरण का निर्माण न करें साइबर फ्रॉड से बच कर रहे किसी भी प्रकार की संदिग्ध स्थिति या युद्ध से संबंधित उपकरण कहीं देखे जाते हैं या पाए जाते हैं इसकी सूचना त्वरित पुलिस को देने के लिये कहा गया।

शासन प्रशासन द्वारा यदि आपको किसी सुरक्षित स्थान पर जाने की बात कही जाए तो बताए गए स्थान पर परिवार जनों के साथ गंभीरता पूर्वक जाना सुनिश्चित करें एवं नागरिक सुरक्षा सदस्य के रूप मे भर्ती होने का प्रार्थना पत्र भराये गये बैठक में यातायात प्रभारी ने कहा कि आकस्मिक आपदा से बचाव के लिये नागरिक सुरक्षा सदस्य के रूप में सदस्यता ग्रहण कर शासन प्रशासन का सहयोग करे।

---

### ट्रक पलटा, शराब व बियर की बोतले उठाने मची होड़



हाईवे में एक ट्रक पलट गया। ट्रक में शराब और बियर लोड थी। ट्रक के पलटने से शराब व बियर सड़क पर बिखर गई। राह चलते लोगों एवं स्थानीय आसपास के रहवासियों ने शराब की बोतले उठाना शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जबलपुर से कटनी के ओर आ रहे शराब लोड ट्रक छपरा के पास अचानक पलट गया। ट्रक के पलटने पर शराब और बियर की पेटियां सड़क पर बिखर गयी जिसे देख कर आसपास के लोगों ने उठाना शुरू कर दिया। भीड़ इतनी ज्यादा हो गयी थी कि पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा तब जाकर स्थिति समान्य हुई। पुलिस द्वारा ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है कि शराब लेकर ट्रक कहां जा रहा था।

---

## समर कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की कराई जा रही प्रेक्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बरही तहसील अंतर्गत संदीपनी स्कूल करेला में मध्य प्रदेश शासन लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं नई शिक्षा नीति के तहत विकास हेतु समर कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। विद्यालय में भी 1मई से लगातार सुबह 7.30 बजे से सरस्वती बंदना योग एवं प्राणायाम से प्रारंभ होकर 10.30 बजे तक किया जा रहा है। इस आयोजन में कक्षा एक से 12 वीं तक के छात्र-छात्रा भाग ले रहे हैं ।छात्र-छात्राओं को शास्त्रीय नृत्य संगीत पेंटिंग एवं खेलकूद की गतिविधियों से संबंधित प्रतिदिन प्रैक्टिस कराई जा रही है । इस आयोजन में खेल



शिक्षक बृजराज सिंह नृत्य शिक्षक देवा भास्कर संगीत हेतु पुनीत मिश्रा एवं तबला वादक के रूप में अनिल दुबे द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन इन विधाओं में परांगत किया जा रहा है । विद्यालय के शिक्षक अलग-अलग दिन अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसमें 68 छात्र छात्र-छात्राओं का नामांकन किया गया है। सभी इसमें बढ़ चढ़कर प्रतिदिन उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग नृत्य एवं संगीत देखकर लगता है कि यदि सही दिशा मार्गदर्शन किया जावे तब हमारे छात्र छात्रा किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

---

**बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी का मामला**

## हाईकोर्ट ने संभागायुक्त को 3 महीने में मामले का निराकरण करने दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अविश्वास प्रस्ताव के बाद जनपद पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी गंवाने वाले लाल कमल बंसल ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट ने ने मामले की सुनवाई करते हुए जबलपुर संभागायुक्त को 90 दिनों के भीतर बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष लाल कमल बंसल के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के मामले का निराकरण करने के आदेश दिए गए हैं। विदित हो कि कि जनपद पंचायत बहोरीबंद के अध्यक्ष लाल कमल बंसल के विरूद्ध 3 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। जिसकी निर्वाचन प्रक्रिया कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद में संपत्र कराई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे।

निर्वाचन प्रक्रिया का समय दोपहर 2 बजे निर्धारित किया गया था। जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल अपने जनपद सदस्यों को लेकर दोपहर 2 बजकर 12 मिनिट पर निर्वाचन स्थल पहुंचे थे। जहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस कर्मियों द्वारा गेट के अंदर प्रवेश ही नहीं दिया था, जिससे लालकमल बंसल व उनके सहयोगी निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित रह गये थे। और लाल कमल बंसल को कुर्सी गवानी पड़ी थी। इसके बाद जनपद अध्यक्ष लाल कमल बंसल ने नियम विरुद्ध तरीके से निर्वाचन कराने एवं कुछ समय देरी से निर्वाचन स्थल पहुंचने आदि विषयों को लेकर न्यायालय कमिश्नर जबलपुर में अपील दायर की थी।

नियमानुसार प्रकरण को समय सीमा में निराकरण किया जाना था लेकिन कमिश्नर का पद रिक्त होने से समय पर सुनवाई नहीं हो सकी। जिसके बाद लाल कमल बंसल के सीनियर अधिवक्ता जून चौधरी ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर दलील पेश की। उच्च न्यायालय ने 8 मई को स्थगन आदेश जारी कर कहा कि कमिश्नर की नियुक्ति से 90 दिनों के भीतर अपील की सुनवाई कर निर्णय लिया जाए। जब तक निर्णय नहीं लिया जाता तब तक लालकमल बंसल ही बहोरीबंद जनपद के अध्यक्ष बने रहेंगे।

गौरतलब है कि कि बीते दिनों जो घटनाक्रम बहोरीबंद जनपद पंचायत में देखने मिला इसकी शुरुआत लालकमल बंसल के द्वारा बहोरीबंद जनपद पंचायत के सीईओ की मनमानी कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट में किए गए लोट प्रदर्शन के बाद से शुरू हुई। चर्चा यह है कि लाल कमल बंसल ने जब सीईओ को टारगेट करते हुए कलेक्टर कार्यालय में लोट लगाई तो उसके बाद बौखलाए सीईओ और उनके पसंदीदा जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष को ही पद से हटाने के लिए रणनीति तैयार कर ली। इसका असर कुछ दिनों के अंदर देखने को भी मिला और लामबंद होकर कुछ सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की घोषणा कर दी।

---

### अधूरा काम होने से ग्रामीणों को नही मिल रही सुविधा

## बेपरवाही : आठ वर्षों अधूरा पड़ा अमकुही का सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की हरदी ग्राम पंचायत के आश्रित गांव अमकुही में बीते आठ वर्षों से सामुदायिक भवन का निर्माण अधूरा है।जिससे ग्रामीणों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य गांव के लोगों की सुविधा के लिए कराया गया,लेकिन राशि के हेरफेर में निर्माण नहीं हो पा रहा है।

जानकारी के मुताबिक तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद हरदी ग्राम पंचायत के अमकुही गांव में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए साल 2017-18 में करीब 10 लाख रुपये की स्वीकृति मिली थी।



तत्कालीन सरपंच- सचिव ने निर्माण कार्य कराया,राशि भी आहरित किया। भवन की दीवारें खड़ी है।छत का काम भी हो गया है। प्लास्टर, खिड़की दरवाजे के काम होना बाकी है। सामुदायिक भवन आठ सालों बाद भी पूरा नहीं हो सका है।खास बात यह है कि इस भवन के निर्माण पर अभी तक खर्च हुई राशि का भी कोई हिसाब-किताब नहीं है।तत्कालीन सचिव सरपंच ने शासकीय राशि निकालकर बंदरबांट कर दिया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से करते हुए जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया है।लेकिन अधिकारियों द्वारा मामले की जांच नहीं कराई गई।ग्राम रोजगार सहायक सुरेंद्र पटेल ने बताया कि 2017-18 में सामुदायिक भवन का काम हुआ।छत लेबल तक का काम भी हो गया है।तत्कालीन सरपंच - सचिव ने जितना काम कराया। उन्हीं के द्वारा मूल्यांकन के आधार पर राशि निकाली गई है। शेष राशि नही मिली है। जिसके चलते काम अधूरा है। वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी जा चुकी है।

#### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

अमकुही गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यहाँ पर बना सामुदायिक भवन अधूरा है।आठ वर्षों से इसका लाभ लोगों को नही मिला। अधूरा भवन होने से यह भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।भवन में दरवाजे, खिड़की नही है।ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण सामुदायिक भवनों का उपयोग शादी, विवाह सहित अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में करते,मगर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य अधूरा होने से यह निर्माण का मकसद पूरा नहीं हो सका। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ग्राम पंचायत के अलावा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से इसे पूरा कराने की मांग की गई, परंतु अभी तक किसी ने इसे पूरा कराने की पहल नहीं की।

#### इनका कहना है

इस संबंध में जनपद सीईओ ढीमरखेड़ा यजुवेंद्र कोरी का कहना है कि अमकुही में सामुदायिक भवन क्यों अधूरा पड़ा है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

---

## निर्माण कार्य के लिए 24 लाख रूपए की दी प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत बरेलीबार के ग्राम भनपुराकलां में अमृत सरोवर बनिया नाला के निर्माण हेतु 24 लाख 18 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। यह निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग एवं मनरेगा मद से कराया जायेगा। इस कार्य के लिए क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायत बरेलीबार को बनाया गया है।

कलेक्टर श्री यादव ने जारी आदेश में कहा कि कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जाय। यदि स्वीकृत राशि से अधिक राशि व्यय की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा। साथ ही कार्य मनरेगा योजना से स्वीकृत है इसलिए ठेका पद्धति से कार्य किया जाना प्रतिबंधित है।

#### करनी होंगी ये व्यवस्थाएं

इसके अलावा निर्माण कार्य का संपादन स्वीकृत प्राक्कलन, रूपांकन, समाहित मानक के अनुसार किया जाए। निर्माण कार्य में उचित गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री का उपयोग किया जाए। साथ ही कार्यस्थल पर क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा मजदूरों को पीने का पानी, फर्स्ट एड किट, छाया की व्यवस्था, छः वर्ष से कम आयु के पांच से अधिक बच्चों पर झूला घर, छः वर्ष कम उम्र के पांच से अधिक बच्चे हो तो पृथक से एक महिला को बच्चों को देख-रेख हेतु रखा जाए।

## खबर संक्षेप

### किसान फार्मर आईडी पंजीकरण शिविर आज

**बड़वारा।** तहसील अंतर्गत ग्राम निगहरा में आज 12 मई को सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक किसान पहचान पत्र फार्मर आईडी पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया है। सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि किसान सम्मान निधि व अन्य सभी शासकीय योजनाओं का लाभ हासिल करने के लिए अपना अपना पहचान पत्र किसान फार्मर आईडी अवश्य बनवाएं एवम सभी शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया जाता है कि अपने अपने दस्तावेज आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर, आधार कार्ड की फ़ोटो कॉपी, जमीन से सम्बंधित दस्तावेज /खतौनी लेकर शिविर में पहुंचकर अपना किसा पहचान पत्र (फार्मर आईडी) अवश्य बनवाएं तथा शासकीय योजनाओं का लाभ प्रॉपर करें। शिविर में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा हासिल होगी। कृषि ऋण बीमा व अनुदान प्राप्त करने में प्राथमिकता मिलेगी। पीएम किसान जैसी योजनाओं में पंजीकरण होगा।

### प्रतिभावान छात्र छात्राओं का कल होगा सम्मान

**सिलौंडी।** सिलौंडी में स्वच्छता अभियान में निरंतर कार्यों करने वाली जागरूकता समिती ने मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 13 मई दिन मंगलवार शाम 4 बजे आयोजित किया है । ग्राम में सिलौंडी क्षेत्र के सिलौंडी,कछार गांव बड़ा , दशरमन ,खमरिया बागरी के हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल में 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा परिणाम में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं का सम्मान होगा । ग्राम के क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रशासकीय अधिकारी कर्मचारी,सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण लोग शामिल होगे । जागरूकता समिती पिछले 7 सालों से सामाजिक कार्यों कर रही है । ग्राम पंचायत के सहयोग से अनेक सामाजिक कार्यों के कारण जिला कलेक्टर ने जागरूकता समिती अध्यक्ष धीरज जैन को सम्मानित भी किया है ।

### तीन साल से लापता युवती को किया दस्तयाब

**कटनी।** बिलहरी चौकी पुलिस टीम ने 3 साल से लापता युवती को ढूंढकर उसके परिजनों को सौंपा। 22 वर्षीय युवती जो जून 2022 से लापता थी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत कर युवती को ढूंढ निकाला। थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के निर्देशन में पुलिस चौकी बिलहरी की टीम ने युवती को दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिलहरी चौकी प्रभारी सुयश पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 मई 2025 को युवती को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिससे परिजनों के चेहरे पर खुशियां लौट आईं। इस दस्तयाबी में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रमाकांत तिवारी, प्रधान आरक्षक व्यास गुप्ता और डॉयल हंड्रेड पायलट रमाकांत ठाकुर की भूमिका रही।

### प्रधानमंत्री जन-मन योजना से मिला सपनों का आशियाना

**कटनी।** जिले के जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम करोपानी निवासी चन्द्रशेखर बैगा की किस्मत रंग लाई और अब उसे प्रधानमंत्री जन-मन आवास योजना से खुद का पक्का घर मिल गया है। पक्का घर पाकर वे बेहद प्रसन्न हैं। इस योजना ने पक्के घर में रहने का उनका बरसों पुराना सपना साकार कर दिया है। चन्द्रशेखर बताते है कि वे बेहद गरीब परिवार से होने के कारण पिछले कई सालों से कच्चे मकान में निवास करते थे। चन्द्रशेखर को ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रधानमंत्री जन-मन योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने अपने दस्तावेज पूर्ण करते हुए अपना पक्के मकान हेतु अपना आवेदन किया। कुछ ही दिनों में उसे बताया गया कि 2023-24 में उसका नाम प्रधानमंत्री जन-मन योजना की आवास चयन सूची में आ गया है। योजना के तहत उसे तीन किस्तों में काम के आधार पर धनराशि सीधे उसके बैंक खाते में दी गई। योजना से उसका पक्का घर बन गया है।

---

ई रिक्शा के रूट तो बनाये गए लेकिन अमल नहीं, जाम की समस्या से लोग परेशान

# कागजों तक ही सिमटकर धरी रह गई नगर में सुगम यातायात की व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर का अराजक यातायात लोगों का सिरदर्द बन गया है। मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों दिन भर जाम की स्थिति से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है। फुटपाथ के अस्थायी अतिक्रमण हटाने में भी संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो। फुटपाथी कारोबारियों और वाहनों की पार्किंग के चलते 20 से 40 फीट की सड़कें सिकुड़कर 8 से 10 फीट की ही रह जाती है। शहर की यातायात व्यवस्था को जिम्मेदारों ने लावारिस छोड़ दिया है। शहर के अधिकांश मार्ग दुर्दशा के शिकार है। मार्गों में दिन भर जाम लग रहा है। ई रिक्शा से लेकर चार पहिया वाहन दिन भर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था खराब कर दिया है। शहर में आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। कागजी प्लान तो बनाये जाते हैं लेकिन उनका पालन कराने में पसीना छूट जाता है जिसका नतीजा हर सड़क में जाम के रुप में सामने आ रहा है।

मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। सुभाष चौक हो या कचहरी तिराहा यहां कारों की पार्किंग लगी रहती है। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है।ई रिक्शा चालकों के लिए रूट सिस्टम बनाया गया था लेकिन धरातल पर वह नजर नहीं आ रहा।

### ई रिक्शा के लिए ये बना था रूट

रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एससी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे। अगर ई-रिक्शा निर्धारित मार्ग से बाहर गया तो चालान होगा। इसके साथ ही निर्धारित रूट पर स्टापेज भी तय किए जाएंगे।

---

# इंजीनियरिंग डिग्री धारकों के लिए इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शील्ड (सस्टेनेबल हाउसिंग इंटीग्रेटिंग एफिशियंटलिविंग एंड डिजास्टर रेजिलिएंस) के तहत जिले के बी.आर्क, एम आर्क, बी.ई, बी.टेक और बी.ई. सिविल उपाधि धारी छात्रों से भू-क्लाइमेटिक जोन का दौरा करने और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास टोपोलॉजी अध्ययन करने एवं दस्तावेजीकरण करने हेतु ग्रीष्मकालीन समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इंटर्नशिप के दौरान चयनितों को प्रतिमाह बीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए योग्यता अनुसार छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन भरने की अंतिम तारीख 20 मई 2025 है। ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप उन छात्रों के लिए डिजाइन की गई है जो वर्तमान में बी.आर्क और एम.आर्क और बी.ई,बी.टेक सिविल इंजीनियर के कार्यक्रमों में नामांकित है। छात्रों को विशिष्ट भू-जलवायु क्षेत्रों का दौरान करना और विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद आवास प्रकारों का दस्तावेजीकरण करना आवश्यक है। यह अध्ययन मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों के 313 विकासखंडों में किया जाना है। ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 20 मई 2025 तक खुली है। छात्रों को दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

### कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रा सम्मानित

**कटनी।** सिविल लाइन स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा पूजा पिता राजेश चौधरी ने विगत दिनों घोषित हुए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में कुल 500 में से 492 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम और प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया। उसकी इस उपलब्धि के बाद पार्षद बिट्टू की मौजूदगी में स्कूल परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अपने गुरुजनों और पार्षद के हाथों सम्मान प्राप्त कर पूजा का चेहरा खिल उठा और उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पूजा ने कहा वह भविष्य में डॉक्टर बनना चाहती है। स्थानीय पार्षद बिट्टू के द्वारा जिले में टॉप करने वाले शासकीय स्कूल के बच्चों को जिस भावना के साथ गत वर्ष से स्मार्टफोन प्रदान करने की शुरुवात की गई उससे उसे बेहद ऊर्जा मिली।

---

*लोक अदालत में आपसी समझौते से हुआ प्रकरणों का निराकरण*

# प्री लिटिगेशन के 2915 प्रकरणों का निराकरण, 88 लाख रूपए मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों (विजयराघवगढ़, बरही, ढ़ीमरखेड़ा) एवं अन्य विभागों में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ अमित शुक्ला सहित अन्य अधिवक्तागण, जिला अभियोजन अधिकारीगण, लोक अभियोजकगण, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्तागण एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

सिमत शर्मा व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि, नेशनल लोक अदालत में राजस्व, नगर-निगम तथा अन्य संस्थाओं के प्री-लिटिगेशन एवं बिजली, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा समेत पक्षकारों के आपसी राजीनामे से लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले में नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला न्यायालय कटनी में कुल 30 खण्डपीठों का गठन किया गया था। लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन के 4631 प्रकरण एवं न्यायालय के 1082 लंबित प्रकरणों को रैफर किया गया था, जिनमें से प्री-लिटिगेशन के 2915 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिससे 2637 लोग लाभान्वित हुए एवं इन प्रकरणों में 88 लाख 108 रूपए की राशि जमा की गई। इसी अनुक्रम में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में से 485 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसके परिणामस्वरूप 870 लोग लाभांवित हुए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की ओर से हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में समस्त न्यायाधीशगणों, अन्य विभाग के अधिकारीगणों का आभार जताया।

---

ग्राम सलैयाखुर्द स्थित बावड़ी की हुई साफ सफाई



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बरतरा ( सलैयाखुर्द ) बावली मंदिर में ग्रामवासियों के सहयोग से बावड़ी की सफाई कर कचरे का निदान किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोत को सुरक्षित और जल को निर्मल बनाना था । कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया । साथ ही सभी जल संरक्षण हेतु चर्चा की गई । इस दौरान अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी बहोरीबंद मूलचंद सिंगरौरे, प्रमोद सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत बरतरा, पुष्पेद्र सिंह, सजय रैदास, आशीष मेहरा, सन्तू चौधरी, रूपलाल चौधरी, प्रेमचंद चौधरी, ज्ञानी चौधरी, ने बावड़ी साफ-सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया और जल स्रोत को सुरक्षित बनाने के लिए काम किया ।

---

उमरियापान महाविद्यालय में मातृदिवस समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# व्यक्ति की हर एक सफलता में रहता है माँ का सहयोग, विद्यार्थियों ने रखे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



माँ के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में रविवार को सीएमसीएलडीपी की कक्षाओं के दौरान मातृदिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।छात्रा नीता विश्वकर्मा और स्वप्निल विश्वकर्मा ने मप्र जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक बबीता शाह का तिलक वंदन और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

### मां के बिना जीवन नहीं

छात्रा शालिनी कोरी, स्वप्निल विश्वकर्मा,नीता विश्वकर्मा और छात्र आकाश बढ़ई ने माँ के प्रति अपने शानदार उद्गार व्यक्त कर मां के महत्व को बताया।परामर्शदाता शैलेष दुबे, सुरेश दुबे और सुमित सिंह ठाकुर ने कविता पाठ के साथ मातृदिवस को लेकर अपनी बात रखी।सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया के कहा कि माँ के बगैर अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। उनकी सफलता पर मां का हमेशा सहयोग रहता है।

विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को मेहनत कर सफलतम मार्ग पर चलने का आवाहन किया। इस मौके पर सीएमसीएलडीपी परामर्शदाताओं और छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही।

---

*शराब का अवैध परिवहन करने पर 54 के विरूद्ध मामला दर्ज*

# पुलिस ने नाइट काम्बिंग गश्त में वारंटियों आदतन एवं फरार अपराधियों को चेक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के नेतृत्व में कटनी पुलिस ने नाइट कॉम्बिंग गस्त ऑपरेशन चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने 326 से अधिक अधिकारी, कर्मचारियों की मदद से वारंटियों, आदतन अपराधियों और फरार अपराधियों को चैक किया और गिरफ्तार किया।

### 106 से ज्यादा वारंटियों को कराया तामील

कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस ने 106 से ज्यादा वारंटों को तामील कराया, जिनमें 24 फरार स्थायी वारंट, 82 गिरफ्तारी वारंट और जमानती वारंट शामिल हैं। इसके अलावा, पुलिस ने 76 से अधिक गुंडा बदमाशों को चेक किया और 63 से अधिक निगरानी बदमाशों को चेक कर उनकी जीवन यापन के तौर-तरीकों को जाना।

### परिशांति भंग करने वालों पर कार्रवाई

परिशांति भंग करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत 10 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की। इसके अलावा, पुलिस ने धारा 126, 135 बीएनएसएस के तहत 95 व्यक्तियों के विरुद्ध और धारा 129 बीएनएसएस के तहत 24 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की।

पुलिस के द्वारा गुण्डे, बदमाशों, वारंटियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। पुलिस का उद्देश्य जनता में सुरक्षा की भावना और अपराधियों में भय का वातावरण उत्पन्न करना है। इस कार्रवाई से कटनी जिले में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी और जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ेगी।

### आबकारी के 54 एवं जुआ के 3 प्रकरण दर्ज

जिले में कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस ने अवैध शराब परिवहन और विक्रय पर रोक लगाने के लिए 54 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध किए। इसके अलावा, पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत 01 आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया और जुआ अधिनियम के तहत 03 प्रकरण कायम किए।

---

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान कर सिमरार नदी की सफाई

# जल संरचनाओं के संरक्षण का संदेश, अपव्यय रोकने किया प्रेरित





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महापौर सामूहिक श्रमदान के माध्यम से में विभिन्न जल संरचनाओं की साफ- सफाई, पाइपलाइन की मरम्मत, कुओं की सफाई आदि का कार्य किया जाकर नागरिकों के मध्य जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया जा रहा है।

इसी क्रम में अभियान के तहत रविवार को नगरपालिक निगम कटनी के कर्मचारियों, विज्ञन संस्था के सदस्यों एवं ओम साईं विज्ञन संस्था के सदस्यों द्वारा आयोजित अभियान के दौरान सामूहिक श्रमदान कर सिमरार, माई नदी एवं घाट की साफ-सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान माई घाट से पूजन सामग्री, पॉलीथिन एवं अन्य प्रकार के कचरे के साथ-साथ नदी में एकत्रित जलकुम्भी हटाने का कार्य किया जाकर जलसंरचनाओं को स्वच्छ रखते हुए जल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई।

### अपव्यय रोकने लोगों को किया प्रेरित

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर में विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों नदी, तालाबों की सफाई, लीकेज पाइप लाइन एवं वाल्व की मरम्मत सहित नारे लेखन आदि का आयोजन किया जाकर नागरिकों के बीच जल संरक्षण की अलख जगाई जा रही है। यह अभियान आगामी 30 जून तक चलेगा। अभियान के तहत नगर निगम कटनी के जल प्रदाय विभाग के द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड स्थित शिवनगर, केलवारा मोड़ के पास नल कनेक्शनों हेतु बिछाई गई पाइपलाइन के लीकेज की मरम्मत कर कराई गई। वही रंगनाथ मंदिर मधुर स्टूडियो के पास 3 इंच वाल्व का सुधार कार्य कराया जाकर अपव्यय होने वाले जल का संरक्षण किया गया। जल संरक्षण के लिए सलाह दी गई कि पानी भरते ही नल की टोटी बंद कर देना चाहिए।

---



# 3 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त, दो आरोपित पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ पुलिस ने दो आरोपियों से 03 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। आरोपियों ds खिलाफ मामला दर्ज किया है। ,lih अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजयराघवगढ़ वीरेन्द्र धार्वे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर रेड कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों से गांजा जब्त किया। पहले आरोपी भोला चौधरी से 1 किलो 600 ग्राम गांजा जब्त किया गया, जबकि दूसरे आरोपी रंजेश पारधी से 2 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप

### पहाड़ीखेड़ा संकुल की बेटियों ने रचा कीर्तिमान

**पन्ना।** पन्ना जिले के पहाड़ीखेड़ा संकुल अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर की छात्राओं ने मध्यप्रदेश बोर्ड की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, संकुल और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्रा चन्द्रकली यादव ने 500 में से 437 अंक (87.4ः) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरती तिवारी ने 435 अंक (87ः), गुड़ि‍या पटेल ने 432 अंक (86.4ः), जबकि खुशी यादव और अंकिता पटेल ने समान रूप से 413 अंक (82.6ः) प्राप्त किए। पूर्णिमा अहिरवार ने 405 अंक (81ः) अर्जित कर सफलता प्राप्त की।चन्द्रकली यादव ने पूर्व में कक्षा 10वीं में भी 423 अंक (84.6ः) प्राप्त कर अपनी निरंतर श्रेष्ठता का प्रमाण दिया है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के पूर्व प्राचार्य अयोध्या प्रसाद तिवारी ने सभी छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं गुरुजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्याभारती से संबद्ध सरस्वती विद्यालयों में शिक्षा के साथ संस्कारों का समन्वय होता है, जो विद्यार्थियों को सर्वांगीण रूप से सशक्त बनाता है। इस अवसर पर पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बालिकाओं की सफलता को संकुल की शिक्षा संस्कृति की जीवंत मिसाल बताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सामाजिक संस्था श्साईं रोटी कपड़ा बैंकश ने भी विद्यालय की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्राओं को प्रेरणास्त्रोत बताया। सरस्वती विद्या परिषद और विद्याभारती की शिक्षण पद्धति की क्षेत्र में सराहना की जा रही है, जिनके मार्गदर्शन में यह विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है।

### गांव गांव सड़कें खुदी पड़ी है जल निगम विभाग कर रहा अनदेखी

**गुनौर।** केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन जिसके तहत हर घर जल पहुंचाने का कार्य चल रहा है जिस पर राज्य सरकार भी अच्छी गुणवत्ता के साथ समय में पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है परंतु कल्पतरू कंस्ट्रक्शन एवं जल निगम विभाग मिल कर लगा रहे पलीता, मुख्यालय से महज़ कुछ की किलोमीटर की दूरी पर सनौरा में पानी टंकी का निर्माण चल रहा है जिस पर ग्रामीणजन पूरा सहयोग कर रहे है गांव के अंदर पाईप लाईन भी डाल दी गई हैं जिस कारण सड़कें खुदी पड़ी हैं।

### लोगों ने कहा ब्रेकर बनाएं , रेडियम लगाए और लगाएं संकेतक बोर्ड

# हाईवे किनारे लगे पेड़ दे रहे हादसों को न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

थाना अंतर्गत जबलपुर सागर हाइवे 15 से हर रोज बड़ी सैकडों की संख्या में दो पहिया, चार पहिया से लेकर ट्रक , बसो एवं भारी भरकम वाहन निकल रहे हैं इस हाईवे पर बम्होरी पाँजी से लेकर क्षलौन तक 18 किलोमीटर के सड़क मार्ग के दोनों और सड़क से सटकर हॉट शोल्डर सड़क पर भारी भरकम पेड़ सैकड़ो की संख्या में लगे हुए हैं जो हादसों की वजह बन रहे है, । इन पेड़ों से आए दिन वाहन टकराकर चकनाचूर तो हो ही रहे हैं इसके साथ ही कई लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ रही है सबसे बड़ी हैरानी की बात है जो हादसे का की मुख्य वजह बन रहे है जब इस सडक पर पहली बार कोई वाहन चालक आता है तो उसे इस मार्ग की जानकारी नहीं होती हैं उनके साथ अक्सर हादसे घटित हो जाते हैं हमेशा वहां क्रॉसिंग में ,चालक को झपकी आने में तेज गति से इस मार्ग में वाहन चलाने से वहां से वाहन चालकों की नजर हटाने से हार्ड शोल्डर सड़क पर लगे पेड़ों से टकरा जाता है कहते हैं कि नजर हटी , घटना घटी का हाल इस मार्ग पर अक्सर देखने मिलता है यदि वाहन चालक ने इस मार्ग पर सावधानी से बाहर नहीं चलाया तो हॉट सोल्डर में लगे पेड़ों से घटना घटित हो जाती है घटना होने का एक कारण मार्ग में लगे पेड है इन हादसों की वजह से वाहनों में बैठे लोग भी गंभीर हादसे का शिकार होते हैं मार्ग में सामने अचानक से कोई वाहन आ जाने से दूसरे वाहन चालक ने सड़क छोड़ी तो सड़क की पट्टी पर लगे पेड़ हादसो का कारण बन जाते हैं कई बार पेड़ों की वजह से हादसे में अपनी लोग जान गवानी पडी है पेड़ों से टकराने की घटनाएं घटनाएं आए दिन घट रही हैं।



### सडक किनारे लगे पेड भी बड़ी वजह

ग्रामीणों ने बताया कि घटनाएं होने का कारण मार्ग में लगे पेड़ एवं मोड हैं जब रात के समय वाहन इस मार्ग से होकर गुजरते हैं तो उन्हें समझ नहीं आता कि हॉट सोल्डर में मैं पेड़ भी लगे हैं। वाहन तेज रफ्तार में होने के कारण जैसे ही सडक से नीचे उतरता है तो पेड़ो से टकरा जाता है और हादसे का शिकार हो जाता है। लोगों का कहना है क्षलौन से बम्होरी पाँजी तक 18 किमी के इस मार्ग पर पचासों पेड लगे हैं। जहां पर आए दिन हादसे घटित होते रहते हैं, लेकिन घटना की मुख्य बजह पर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है जिसकी वजह से हादसे होते रहते हैं।

रफ्तार पर लगाम लगाने बनाएं जाए ऐसे हादसे और वाहनों का अनियंत्रित होना अब आम बात सी हो गई है। यहां पड तो है लेकिन ब्रेकर ,रडियम पट्टी सहित अन्य सुरक्षा सुविधा नहीं है। यदि इस मार्ग पर दोनों ओर पेड़ो पर रेडियम पट्टी एवं सड़क पर स्पीड ब्रेकर का होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है ताकि हाथ से घटित ना हो और हादसों पर अंकुश लग सकता है, लेकिन शासन-प्रशासन द्वारा अनदेखी करना शायद किसी बड़ी घटना का इंतजार करना दर्शा रहा है। स्थानीय लोगों ने जबलपुर-सागर हाइवे पर पड़ने वाले मोड़ों पर ब्रेकर बनाने, संकेतक लगाने सहित अन्य सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग शासन-प्रशासन के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से की है।

### सक्रियता से यहां हादसे होना बंद हो गए

ज्ञात हो कि वीरांगना रानी दुर्गावती अभ्यारण के अंतर्गत लगभग 56 स्पीड ब्रेकर इसी मार्ग पर क्षलौन से आगे क्षापन बैरियर से लेकर छिरारी बैरियर तक बने हुए हैं जो सागर जिला के अंतर्गत आता है। इस मार्ग पर बने स्पीड ब्रेकरो से वाहन चालकों को समय जरूर लगता है परेशानी होती है लेकिन एक प्रकार की उन्हें सुरक्षा भी मिलती है। साथ ही वन्यप्राणियों के सड़क से गुजरने पर भी हादसे से कभी कभार ही घटित होते है साथी कई संकेतक भी इस मार्ग पर लगे हुए है पेड़ों को हटाया तो नहीं जा सकता लेकिन पेड़ों की व्यवस्था जरूर बनाई जा सकती है। पेड़ों पर दोनों तरफ रेडियम लगाने से रात्रि में दूर से ही वाहन चालकों को मार्ग के बारे में जानकारी का ज्ञान होगा।

### कहीं कहीं बनी खतरनाक मोड़

वही रहली से जबलपुर तक के इस मार्ग पर कही पेड़, तो कही खतरनाक अंधे मोड़ बने हुए हैं। वाहनों के चालकों द्वारा इस मार्ग पर तेज रफ्तार से वाहन चलाने एवं वाहनो को कंट्रोल नहीं कर पाने के कारण सामने वाले को बचाने के चक्कर में वह हादसे के शिकार हो जाते हैं। वहीं इन मार्गों पर सड़कों पर रात के वक्त जंगली जानवरों भी आ जाते हैं जिसको बचाने के चक्कर में वाहन चालक अपनी रफ़्तार से नियंत्रण खो बैठते हैं और सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा जाते हैं जिसमें वाहन के साथ लोगों की जान तक चली जाती है।

### अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थिति विद्यार्थी शीघ्र अपना परीक्षा आवेदन फॉर्म भरें

**दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने बोर्ड परीक्षा 2025 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों एवं कम अंकों से उत्तीर्ण होने वाले ऐसे विद्यार्थी जिनका परीक्षा परिणाम किसी विषय में संतोषजनक नहीं है उन सभी से अपने संबंधित विषय का परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने हेतु उनके पलकों से अनुरोध किया है। श्री नेमा ने बताया यह पहला अवसर है जब माध्यमिक शिक्षा मंडल एक से अधिक विषयों में भी पूरक मानते हुए परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा यदि कोई विद्यार्थी तीन या चार विषयों में फेल है तो वह मात्र उन्हीं विषयों की परीक्षा हेतु फॉर्म भर सकता है जिनमें वह फेल हैं। अतः अवसर का लाभ उठाते हुए जल्द से जल्द फॉर्म भरकर अपनी परीक्षा की तैयारी करें। इस वर्ष यह परीक्षा ओपन बोर्ड द्वारा न होकर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रही है अतः परीक्षा केंद्र दूर बनने जैसी समस्याएं इस वर्ष आने की संभावना नहीं है।

# बुद्धपूर्णिमा पर घर-घर गायत्री हवन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में युगतीर्थ शांतिकुंज के निर्देशानुसार आज दिनांक 12 मई को प्रातः 8 से 12 तक पूरे विश्व में एक साथ राष्ट्र को समर्थ और शक्तिशाली बनाने हेतु घर-घर गायत्री यज्ञ करने हेतु आवाहन किया गया है। इसमें परिजन अपने परिवार के साथ मोबाइल पंडित यूट्यूब के माध्यम से अथवा शांतिकुंज से प्रकाशित गायत्री यज्ञ संक्षिप्त हवन विधि पुस्तक के द्वारा हवन कर सकते हैं। इस वर्ष हवन सामग्री अथवा गौघृत और गुड़ से 24 आहुतियां गायत्री मंत्र 5 आहुतियां महामृत्युंजय मंत्र के साथ 5 आहुतियां सैनिकों के शौर्य बल और शक्ति संवर्धन हेतु त्वया मन्यो सरथारूजन्तो,हर्षमाणा ह्यषितासो मरूत्वन। तिग्मेषव आयुधा संशिशाना,उपप्रयन्तु नरों अग्नि रूपाः स्वाहा। इदं सैन्य-शक्ति समुत्कर्षाय इदं न मम। इस मंत्र से करवाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। गायत्री यज्ञ के सभी जानकार परिजन अपने घर के साथ तीन अन्य घरों में हवन करवाने में भी सहयोग कर सकते हैं। गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक जय प्रकाश नेमा ने सभी तहसील वासियों से अपने अपने घर में गायत्री हवन करने की अपील की है ।

### सिद्धनाथ आश्रम में विशाल भंडारा आज

**सलेहा।** विंध्य पर्वत श्रृंखला की गोद में स्थित, पावन टिहरी नदी के तट पर बसे महर्षि अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ धाम में एक माह से चल रहे अखण्ड सीताराम नाम संकीर्तन का आज बैशाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य भंडारे के साथ विधिवत सम्पन्न होगा। यह संकीर्तन 12 अप्रैल 2025 से आरंभ होकर 12 मई 2025 तक, 24 घंटे निरंतर चला, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भक्ति और सेवा भाव से भाग लिया।

### गडिया में हवन यज्ञ का आयोजन

**बनवार।** दक्षिण मुखी हनुमान जी के मन्दिर में ग्राम गडिया मेंश्आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के बाद आज शास्त्र विधि अनुसार हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के दौरान कथा व्यास कृष्ण कान्त गौतम ने कहा कि यज्ञ प्रतीकात्मक है ब्रह्म अग्नि का जो ब्रह्मज्ञान से प्रगट होती है। जब एक इंसान पूर्ण गुरू से ब्रह्मज्ञान की प्राप्ति करता है व साधना करता है तो यह ब्रह्म अग्नि उस साधक के शरीर के भीतर प्रचंड रूप में प्रगट होती है जो उसके जन्म जन्म के कर्म संस्कारों को जला कर राख कर देती है। इससे मनुष्य का मन शांत एवं प्रभु भक्ति की तरफ प्रेरित होता है।श्और इस अयोजन में समस्त ग्राम वासियों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अयोजन को संपन्न कराया। कथा व्यास जी ने बताया की अगर यज्ञ या कथा के बीच में किसी भी दिन अगर पानी वर्ष जाता है तो समझना चाहिए की यज्ञ की पूर्ति हो गई क्योंकि ये वाक्य श्री मद भगवत गीता जी में कृष्ण भगवान ने अर्जुन को गीता का उपदेश देते समय कही थीं।

# स्वच्छता ही सेवा : 46 वें सप्ताह के तहत जेपीबी स्कूल के दोनो तरफ किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्वच्छता ही सेवा का 44 वां सप्ताह के तहत जेपीबी स्कूल के दोनो तरफ श्रमदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठन, स्वंयसेवी संस्थाओं ने अपनी सहभागिता निभाई। संतोष रोहित ने कहा हम लोग निरंतर शहर में विभिन्न क्षेत्रों में सफाई कार्य कर रहे हैं और जागरूकता तो आ रही है लेकिन यह देखने आ रहा है कि अभी भी लोग सड़को, तालाबों आदि जगहों पर कचरा फेंक रहे हैं तो कृपया कर गंदगी ना फैलाये। आप स्वंय जागरूक होकर दूसरे को रोकेंगे ताकि तालाब, सड़क, शहर गंदा ना हो। महेन्द्र ताम्रकार ने कहा पिछले 46 सप्ताह से जिला प्रशासन के आवाह पर नगर के सामाजिक संस्था एवं स्वंयसेवी संस्थाओं साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसके अंतर्गत आज जेबीबी स्कूल के आस पास



सभी ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। रीतेश सोनी ने कहा स्वच्छता सप्ताह के 46 वे सप्ताह अंतर्गत आज हम सभी ने जे पी बी स्कूल के यहाँ पे साफ़ सफाई की। आप सभी से भी आग्रह है की अगले हफ्ते यही पर हम लोग स्वच्छता अभियान चलाएंगे। आप सभी से आग्रह हैं की आप भी यहाँ पर आये अपना सहयोग प्रदान करें। मौंटी रैकवार ने कहा स्वच्छता ही सेवा श्रमदान कार्य अंतर्गत आज हमने सभी के सहयोग से जेबीबी स्कूल के पास जो आमने सामने व्यापक रूप से श्रमदान कार्य किया हैं। इसमें आप सबसे आग्रह है की हमें अपने शहर को स्वच्छ साफ बनाना है तो आपको हम सभी के साथ कदम से कदम मिला कर कार्य करना होगा। कृष्णा पटेल ने कहा स्वच्छ दमोह सुन्दर दमोह का संकल्प लेकर आज 46 वे सप्ताह में सभी सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने मिलकर नेहरू पार्क की बाजू वाली गली को साफ और स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा यदि हम किसी कार्य को पूर्ण ईमानदारी निष्ठा के साथ करते है तो जो उसमें सफलता मिलती है। इस दौरान स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई। श्रमदान कार्यक्रम उपरांत कलेक्टर श्री कोचर ने नेहरू पार्क का निरीक्षण किया।

### जबेरा में मनाई गई आदि गुरु शंकराचार्य जयंती....

# युवा आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन से प्रेरणा लें और आगे बढ़े - स्वामी नर्मदानंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जबेरा द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के शुभ अवसर पर रविवार को शासकीय महाविद्यालय जबेरा में एक भव्य व ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति अद्वैत वेदांत दर्शन एवं गुरु शंकराचार्य जी के विचारों का प्रचार-प्रसार करना था।कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित मंगलेश्वरी मठ कोटा राजस्थान एवं आनंदधाम पुरेनहाउ जबेरा के पीठाधीश्वर संरक्षक व संस्थापक परम श्रद्धेय दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन वृतांत पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु शंकराचार्य जी के चार मठों की स्थापना सनातन धर्म की पुनर्स्थापना तथा वेदांत दर्शन के प्रचार में उनका योगदान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा और जनमानस का मार्गदर्शन करता रहेगा। दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य ने मात्र 32 वर्षों के जीवनकाल में भारतीय अध्यात्म को जो दिशा दी वह आज भी प्रासंगिक है। युवाओं को चाहिए कि वे उनके विचारों से प्रेरणा लें और आत्मबोध तथा समाज सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य जी का जीवन भारतीय संस्कृति की जड़ें मजबूत करने का प्रतीक है। कार्यक्रम का सफल संचालन रानू नामदेव द्वारा किया गया। इस अवसर परामर्शदाता त्रिलोक सिंह लोधी, मिथिलेश तिवारी, घनश्याम सिंह लोधी, हीरालाल सेन, लोकेंद्र लोधी। इस दौरान स्वर्गीय नन्नू सिंह पटेल की स्मृति में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सामाजिक संगठनों से मुल्तान सिंह लोधी साई शिक्षा समिति, सत्येंद्र रजक दीपांजलि वेलफेयर सोसाइटी, त्रिलोक सिंह लोधी ग्राम जन कल्याण समिति एवं सुजान सिंह सहित कई प्रतिनिधि कार्यक्रम में सहभागी बने। इस दौरान मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की और स्वामीजी के विचारों से प्रभावित होकर कई प्रश्न पूछे जिनका दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने संतोषजनक उत्तर देकर छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना जैन ने सभी अतिथियों, सहभागियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल एक श्रद्धांजलि समारोह रहा बल्कि युवाओं को भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का प्रेरक माध्यम भी बना।

# विद्युत सुधारते वक्त मौत, खम्बे के पास मिली डैड बॉडी विद्युत विभाग के ओआईसी ने कहा हमारा कर्मचारी

### खम्बे पर चढकर बिजली सुधारते समय करंट लगने से फिर हुई प्राइवेट कर्मचारी की दर्दनाक मौत जनमानस का कहना

### बिना सुरक्षा सामग्री के अप्रशिक्षित प्राइवेट कर्मचारी कर रहे निरंतर काम



**पन्ना।** विद्युत विभाग अजयगढ़ अंतर्गत विद्युत सुधारते वक्त प्रमोद कुशवाहा की मौत को लेकर जहां ग्रामीणों का कहना वहीं यह भी बताया जा रहा है कि सतत तीन-चार वर्ष से विभाग में निजी तौर पर कार्य कराया जा रहा था। वहीं घटना घटने के बाद अजयगढ़ ओ वाई सी अमरदीप सिंह का साफ कहना कि विभाग का कर्मचारी नहीं विभाग से कोई लेनादेना नहीं विद्युत पोल के पास मिली है डैथ बॉडी सवाल यह उठता है कि यह तो अब स्वयं पड़ताल का विषय बन गया कि प्रमोद कुशवाहा से विभाग कार्य कराता रहा कि नहीं आज मौत होने के बाद विभाग ने खीचा हांथ। वृद्ध मां साथ ही अब उसके बच्चो के पालन-पोषण को लेकर उठ रहे सवाल। विद्युत विभाग में निजी तौर पर आउट सोर्स की तर्ज पर कर्मचारी रखकर अप्रशिक्षित रूप से जो कार्य कराया जाता है इस तरह की घटना घटने के बाद कौन है जिम्मेदार। मामले में मर्ग कायम किया जा चुका है पुलिस पड़ताल करने के बाद ही अग्रिम कार्यवाही तय करेगी। यह कहना थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर का है। देखना यह है कि आगे होता है क्या क्या प्रमोद कुशवाहा की मौत होने के बाद विद्युत विभाग का होगा पर्दाफास। फिल हाल ग्रामीणों का दावा तीन-चार वर्ष से विद्युत विभाग में करता रहा कार्य पर आज तो विभाग ने स्वयं ख़ड़े कर लिये हांथ। हमारा कर्मचारी नहीं। मौत के बाद बना मामला जांच का विषयं पुलिस कार्यवाही के बाद ही होगा पर्दाफाश।

अजयगढ़

अजयगढ़ क्षेत्र में बिजली के खंभे के चढ़कर लाइट सुधारते समय करंट की चपेट में आने से फिर एक प्राइवेट कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के संबंध में बताया गया है कि प्रमोद कुशवाहा पिता श्रीपाल कुशवाहा प्राइवेट तौर पर बिजली सुधारने का कार्य किया करता था। आज 11 मई 2025 को उक्त व्यक्ति अजयगढ-करतल रोड में संतराम ढाबा के पास लाइट सुधारने के लिए गया हुआ था जहां वह खंभे पर चढ़कर नाम मात्र सुरक्षा उपकरणों के सहारे लाइट सुधारने का काम कर रहा था तभी अचानक करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में साथियों परिजनों एवं गांव के



लोगों ने युवक को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों एवं ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पुलिसकर्मी भी पहुंच गए हैं। इसके उपरांत शव क़ो पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और पोस्टमार्टम के उपरान्त शव क़ो अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की जाँच के बाद ही मौत की बजह का खुलाशा हो पायेगा।

### इनका कहना है-

विद्युत विभाग के ओ वाई सी अमरदीप सिंह परिहार से जांनकारी ली मामले को लेकर तो आपका कहना है कि हमारा कर्मचारीही नहीं। विभाग का कोई लेना देना नहीं।

**अमरदीप सिंह, ओ वाई सी अजयगढ़ विद्युत विभाग**

-साथ ही मामले को लेकर अजयगढ़ थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर से बात की गई तो आपकाकहना है कि मामले में पीएम कराया गया है परिजनों के द्वारा जो बताया जायेगा साथ ही वहीं मर्ग कायमी के बाद मामले की जांच की जायेगी जांच के बाद उचित कार्यवाही को अंजाम दिया जायेगा।

**बखत सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी अजयगढ़।**

### 17500 किलोमीटर की यात्रा कर 255 दिन में वापस लौटे, गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

## भक्ति का अनोखा रूपः केशव साहू ने साईकिल से की चार धाम यात्रा, 12 ज्योतिर्लिंग के किये दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

जिले के ग्राम घाटपिपरिया निवासी केशव साहू बीते 255 दिनों पूर्व साइकिल से अकेले ही चार धाम, 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने व बांदकपुर में जागेश्वर नाथ मंदिर कारिडोर का निर्माण होने का संकल्प लेकर 24 अगस्त 2024 को अपने गृह ग्राम से निकले थे जो उनकी वापसी तक पूरा हुआ। वह हरिद्वार से 21 लीटर जल भी लेकर आये है, जिससे बांदकपुर में जागेश्वर नाथ महादेव का अभिषेक करेंगे। केशव ने बताया कि यात्रा के दौरान उन्होंने 1100 सौ से अधिक पौधों को जगह जगह रोपित किया और यात्रा के माध्यम से ही उन्होंने क्लीन इंडिया एवं पर्यावरण की रक्षा का जगह जगह संदेह दिया, देश के पीएमओ से लेकर 14 प्रदेश के जिलों के अधिकारियो से मिले और उन्हें अपने पत्र भी सौंपे। उनकी इच्छा है कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए, इसी के साथ उन्होंने यह भी संकल्प लिया है कि उन्हें 11 लाख पौधे रोपित करने है। रविवार सुबह केशव साहू अपनी साइकिल से बुंदेलखण्ड की पावन पुण्य धरा उपकाशी हटा पहुंचे जहां साहू समाज के अलावा अन्य युवाओं ने उनका स्वागत किया एवं मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत युवाओं के साथ मां चंडी जी मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चना की और प्रसाद वितरण किया, वही युवाओं को 11 लाख पौधे रोपित करने के संकल्प में शामिल होने और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के संकल्प में सहभागिता निभाने की बात की। इस दौरान राष्ट्रीय तेली साहू पिछड़ा वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने केशव साहू को इस सफल यात्रा की बधाई दी और उनके संकल्पों को पूरा करने में पूर्ण सहयोग करने की बात कही। इस दौरान प्रदीप पप्पू महाजन, लालू साहू, सत्यम साहू, कार्तिक साहू, कमलेश बंटी साहू, पुष्पेंद्र साहू, लोकमन साहू, मुडी साहू, सूरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवाओं की मौजूदगी रही।



### सिंग्रामपुर मे संचालित भूमि इंडियन पेट्रोल पंप में की गई तोड़फोड़

## दो पक्षों में भूमि सीमांकन ओर पोस्ट को लेकर जमकर विवाद

### घायलों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया जबेरा सिंग्रामपुर पुलिस मौके पर, आरोपियों की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर





दमोह जिले के जबेरा थाना अंतर्गत सिंग्रामपुर चौकी मैं रविवार कि दोपहर में अचानक दो पक्षों में भूमि सींमाकन विवाद बन गया। दोनों पक्षों का राजीनामा ना होने पर विवाद बडने पर पक्षो द्वारा पत्थर फेंके गए भूमि इंडियन पेट्रोल पंप को निशाना बनाया गया। पेट्रोल पंप की संचालक भागचंद यादव ने बताया होटल संचालित दाल सब्जी अन्य सामग्री फेंकी गई वहीं पेट्रोल डालने की मशीन तोड़ी गई। आयल तेल डिब्बा तोड़ दिए गए जमकर पत्थर बरसाए गए यहा तक की पेट्रोल पंप के कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार कि घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंग्रामपुर में भागचंद यादव के संचालित पेट्रोल पंप भूमि इंडियन पर दूसरे पक्ष द्वारा जमकर विवाद किया जिसमें लाखों रुपए का नुकसान कि बात समाने आई है। जबेरा सिंग्रामपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है। सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे ने बताया पोस्टर एवं भूमि सीमांकन कि विवाद पर एक पक्ष द्वारा भूमि पेट्रोल पंप तोड़फोड़ की गई है। आरोपियों के तलाश कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### अपहृता को उप्र से किया दस्तयाब

**दमोह।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा गुम नाबालिग बालिकाओं की दस्तयावी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान दिनांक 01.05.25 से 31.05.25 के अंतर्गत थाना दमोह देहात के अपराध कमांक 218/2025 धारा 137 (2) की अपहृता को उत्तर प्रदेश से दस्तयाब किया गया जाकर आरोपी को जेल भेजा गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 20.03.25 को प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना दमोह देहात में अपराध क्रमांक 218/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विशेष अभियान के अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, अपुअ महोदय के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निरीक्षक रचना मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना की तस्दीक हेतु टीम गठित कर दिनांक 08.05.2025 को प्रकरण की अपहृता को जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश से दस्तयाब किया गया। अपहृता से घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी के विरूद्ध सुसंगत धाराओं का इजाफा कर आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 10. 05.2025 को माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक रचना मिश्रा, थाना प्रभारी दमोह देहात एवं सउनि अकरम खान, प्रआर. दिनेश, आर. गौरख, आर. प्रतापभानू, आर. जितेन्द्र, आर. संदीप, आर. विजेन्द्र, आरक्षक शोएब का सराहनीय योगदान रहा।

### शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर वापस लौट रहा था परिवार

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति के बाद बेटी की भी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

देहात थाना क्षेत्र में दुखद दर्दनाक घटनाक्रम सामने आया है जहां सड़क हादसे में बेटी की नजरों के सामने माता-पिता की मौत हो जाने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान बेटी की भी मौत हो गई है। यह हंसता खेलता परिवार शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर वापस लौट रहा था अचानक काल बनकर आए ट्रक ने बाइक सवार परिवार को चपेट में लेकर तीनों की जान ले ली। दुर्घटना स्थल के पास ही सड़क किनारे बाइक सवार का हेलमेट भी पड़ा हुआ था।घटनास्थल की इस तस्वीर के सामने आने के बाद कहा जा सकता है कि बाइक सवार यदि हेलमेट हैंडल पर टांगने की बजाय पहने होते तो ट्रक से टक्कर के बाद सर में गंभीर चोट लगने से बच जाते। ऐसे में हो सकता था कि उनकी जान भी बच जाती। देहात थाना के नरसिंहगढ़ चौकी अंतर्गत कोपारा पुल के पास रविवार दोपहर या दुखद घटनाक्रम सामने आया है। जिसके बाद मौके पर लोगों के भीड़ एकत्रित हो गई 100 डायल पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई और कुछ देर बाद ही हादसे के शिकार लोगों को जिला अस्पताल भिजवाया गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना के संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार किशनगंज के समिति बमुरिया निवासी कडोरी पटेल 45 अपनी पत्नी यशोदा 40 तथा पुत्री आरती 15 के साथ रिश्तेदारी में विवाह समारोह में हटरी गांव गए थे। जहां से वापस लौटते समय उनकी बाइक को रामकुटी के पास एक तेज रफ्तार आयशर ट्रक ने टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर दूर तक फिक कर लहूलुहान हो गए। बाद में तीनों को जिला अस्पताल भेजे जाने पर पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया गया। टक्कर मारने के बाद घटनास्थल से भाग गया ट्रक का चालक ट्रक को इमलाई के पास छोड़ कर फरार हो गया। देहात थाना पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। वही बाद में इलाज के दौरान बेटी की भी मौत हो गई। इस दुखद घटना क्रम ने सभी कुछ झकझोर कर रख दिया है। मातृ दिवस की मौके पर बेटी की नजरों के सामने पहले माता-पिता की मौत होना और बाद में बेटी की भी सांसे थम जाना बेहद ही दुखद दर्दनाक घटनाक्रम रहा है। घटना की खबर लगते ही गांव में मातम छाया हुआ है। सूचना लगते ही अस्पताल पहुंचे पटेल परिवार के रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। दोपहर बाद पोस्टमार्टम उपरांत तीनों शव गांव पहुचे। जहां गमगीन माहौल में तीनों का अंतिम संस्कार किया गया।



### संकुल प्राचार्य एवं विखं शिक्षा अधिकारियों की बैठक 13 मई को

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम जारी कर देने के बाद दमोह जिले का परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं आया है। परीक्षा परिणाम के विश्लेषण एवं आगामी द्वितीय अवसर की परीक्षा में अनुत्तीर्ण एवं अनुपस्थिति शत प्रतिशत विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने, ऐसे विद्यार्थियों की कक्षाएं आयोजित करने तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा कठिन अवधारणाओं पर विद्यार्थियों की समझ विकसित करने हेतु छोटे-छोटे वीडियो के माध्यम से परीक्षा परिणाम बढ़ाने हेतु कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 13 मई मंगलवार को शाम 04 बजे से बैठक का आयोजन किया गया हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया बैठक में प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्य पत्र में जारी बिंदुवार जानकारी के साथ बैठक में अपनी उपस्थिति देंगे।

## श्री लक्ष्मण कुटी धाम की वर्षगांठ पर शोभायात्रा आज




**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री लक्ष्मण कुटीधाम की वर्षगांठ पर विशाल वाहन शोभा यात्रा स्टेशन नगर पालिका श्री देव संकट मोचन हनुमान मंदिर से 12 मई को शाम 5 बजे प्रारंभ होकर स्टेशन चौराहा बस स्टैंड कीर्ति स्तंभ अंबेडकर चौराहा घंटाघर बुलंदी चराहा ओवर ब्रिज हटाना का होते हुए श्री लक्ष्मण कुटी धाम पहुंचेगी। जहां पर पूजन अर्चन कर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर लक्ष्मण कुटीधम के महंत श्री राघवेंद्र गिरी जी महाराज ने बताया कि यह दिव्या और अलौकिक स्थान है जहां पर जूना अखाड़े के कई साधुओं ने तपस्या एवं पूजन अर्चन के सथ अपना जीवन इस धाम के लिए समर्पितकया है श्री नागा जी महाराज की तपो स्थली है, वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न स्थान से नागा साधु भी उपस्थित हो रहे हैं। जिनके दर्शन भी हम सबको प्राप्त होंगे। इस स्थान पर वर्ष भर जल सेवा अखंड कीर्तन सुंदरकांड पाठ कथा शरद पूर्णिमा पर औषधि वितरण श्रावण मास में अखंड हरी नाम संकीर्तन किया जाता है, यहां पर आनेक महात्माओ की समाधिया भी है पंचदस नाम जूना अखाडे की परंपरा का पालन करता है, ट्रस्ट की अध्यक्ष श्री बनमली पटेल ने बताया की वर्षगांठ के अवसर पर बड़े हनुमान जी का अभिषेक पूजन हवन भंडारा विशाल शोभायात्रा के साथ किया जाएगा जिसमें आप सभी भक्तगण पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें।अवसर पर सतीश तिवारी शोभा पटेल कालीचरण चौबे संतोष पटेल सुखनंदन पटेल राजकुमार पटेल नीलेश असाटी गोपाल पटेल कैलाश पटेल गुड्डू पटेल आदि ने उपस्थिति की अपील की है।

### श्री पंच कुंडात्मक श्रीराममहायज्ञ एवं श्री रामकथा का आयोजन आज से 21 तक

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत खेजरा लखरौनी के ग्राम भैसा कनारी में श्री श्री 1008 श्री पंच कुंडात्मक श्रीराममहायज्ञ एवं श्री रामकथा का आयोजन आज से 21 मई तक स्थान सिद्धधाम श्री देवकी रमण मंदिर भैसा में किया जा रहा है जिसमें यज्ञकर्ता परम पूज्य महंत श्री 108 श्री दद्दा जी महराज सिद्ध बाबा धाम सोजनाबार, यज्ञाचार्य पं.रामेश्वर प्रसाद तिवारी व कथा वाचक आचार्य श्री सुंधीश दुबे होंगे कार्यक्रम में रामकथा दोपहर 3 बजें से हरि इच्छा तक व रामलीला 7.30 से हरि इच्छा तक होगी।

### 13 मई से कलेक्टर दमोह की फेस बुक आईडी पर प्रतिदिन किया जाएगा फेसबुक लाइव का प्रसारण

**दमोह।** बोर्ड परीक्षा 2025 में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को द्वितीय अवसर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से विषय शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन फेसबुक लाइव का प्रसारण कलेक्टर दमोह की फेसबुक आईडी के माध्यम से किया जायेगा। फेसबुक लाईव में कई वर्षों का अनुभव रखने वाले विषय विशेषज्ञों के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय वस्तु में समझ विकसित करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों और पालकों से आग्रह किया हैं कि फेसबुक लाइव कार्यक्रम से जुड़ें और अपनी समस्स्याओं को दूर करने हेतु सहभागिता कर अपनी जिज्ञाशाएं शांत कर सकते हैं। कार्यक्रम की लिंक प्रतिदिन प्राचार्य ग्रुप पर शेयर की जायेगी।

### अघोषित कटौती से आम जनता है परेशान

**पथरिया।** विधुत विभाग द्वारा विगत दिनों से लगातार कभी मेंटेनेंस के नाम पर तो कभी लाइन फाल्ट होने के नाम सप्लाई बंद कर दी जाती सप्लाई बंद होने के बाद अगर कोई जानकारी लेना चाहें कि कितने देर तक सप्लाई चालू होगी तो कोई बताने वाला नही ना मोबाइल रिसीव होता है वही विधुत विभाग द्वारा जब बारिश के पहले मेंटेनेंस काम कर लिया जाता है तो फिर थोड़ी सी हवा पानी में सप्लाई क्यों बाधित हो जाती है यह समझ नही आता कि आखिर मेंटेनेंस किस काम का किया जाता है ठेकेदार द्वारा जो भी खंभे लगाए वह बिना गिट्टी सीमेंट सामग्री के लगा दिए जिससे हवा में कही टूटना तो गिरने जैसी समस्या बनी रहती है। नगर की जागरूक जनता की जिला कलेक्टर से मांग है कि नगर में हो रही अघोषित बिजली कटौती को बंद किया जाए।

### कथा सुनना जब सफल है जब हम कथा में नहीं कथा हमारे अंदर बैठ जाए

## मित्रता कैसी करें यह भगवान श्रीकृष्ण सुदामा जी से सीखे - किशोरी वैष्णवी गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




सिद्ध चारों धाम मंदिर जमुनिया हजारी में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से तिवारी परिवार द्वारा आयोजित कथा के 5 मई से 11 मई तक सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर किशोरी जी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। किशोरी जी ने सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। मुख्य यजमान पंडित श्रीमती ममता बालमुकुंद तिवारी एवं समस्त तिवारी परिवार जमुनिया हजारी।

## मातृ दिवस पर गौ सेवा कर किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

रविवार को मातृ दिवस के अवसर पर असाटी महिला समिति दमोह के द्वारा निस्वार्थ गौ-सेवा शाला में गौ सेवा कर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया.जिसमें दमोह में पुराना थाना परिसर में बेलपत्री, और आम के पौधे लगाए गए तथा उपस्थित महिलाओं और पुरुषों द्वारा गौसेवा की गई। इस अवसर पर महिलाओं में अध्यक्ष श्रीमती नेहा असाटी, श्रीमती सुषमा असाटी, श्रीमती कृतिका असाटी, श्रीमती मधु असाटी, श्रीमती नंदा असाटी, श्रीमती कंचन असाटी, श्रीमती शोभा असाटी, श्रीमती सीता असाटी, श्रीमती डॉली नायक और पुरुषों में असाटी समाज समिति अध्यक्ष से वीरेंद्र असाटी, अजय असाटी, आलोक असाटी, नवयुवक मंडल से विनय असाटी और असाटी समाज की महिलाओं, पुरूषों की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह-निकाह कृषि उपज मंडी परिसर में 14 मई को

### तैयारियों का लिया गया जायजा




**दमोह।** कृषि उपज मंडी दमोह में आगामी 14 मई को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत विवाह/निकाह का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान समारोह में मंच व्यवस्था, रजिस्ट्रेशन, वर बधू के रुकने की व्यवस्था, पार्किंग, मंडप, वेदी और भोजन व्यवस्था के संबंध में स्थल का निरीक्षण किया। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे ने परिसर की साफ-सफाई और समुचित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेकर सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सिद्धार्थ मलैया, एसडीम आर एल बागरी, सीएससी अभिषेक तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ हलधर प्रसाद मिश्रा, प्रभारी सीएमओ सुरेन्द्र अहिरवार, रमन खत्री, चौकी प्रभारी सागर नाका एएसआई रमाशंकर मिश्रा, मंडी सचिव घनश्याम प्रसाद, प्रभात सेठ, कपिल सोनी, कविता राय, मनीष तिवारी, महेन्द्र जैन, मोंटी रैकवार, देवेंद्र ठाकुर, संतोष रोहित, रीतेश सोनी, रितू पांडे, सतीश जैन (बाबा), मोनू राजपूत, राहुल पाठक, अमरदीप जैन, नीलेश सिंघई, अभिलाष हजारी, पंकज सेन, संजय गौतम, तरूण पटेल, भरत यादव, धर्मेन्द्र रोहित, रिंकू गोस्वामी, तरूण जैन, नीलेश पारोचे, कृष्ण कुमार खरे, पप्पू मिस्त्री, साजिद रिजवी, हरि रजक, विकास जैन,प्रीतम पटेल, द्वारका पटेल, इकबाल खान, राहुल पाठक, सत्यम चौबे, पंचायत खंड अधिकारी भोजराज दुबे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।